डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 08 जून, गुरुवार, 2023

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना – 10

# “भाजपा और आरएसएस भविष्य देखने में अक्षम हैं ”

-श्री राहुल गांधी



# कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं सात गारंटी योजना को संपूर्ण देश के घर, घर में पहुंचाएंगे सेवादल के स्वयं सेवी






**संवाददाता। कांग्रेस दर्पण**

आज मगध प्रमंडल कांग्रेस सेवादल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सुबह प्रभातफेरी, पीटी से शुरू होकर झंडोतोलन के बाद अभ्यास, प्रशिक्षण, एवम् वरिष्ठ नेताओ द्वारा क्लास का कार्यक्रम चला।

प्रशिक्षण क्लास कार्यक्रम को बिहार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक मो खान अली, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी अफरोज आलम, प्रदेश मुख्यसंगठ डा संजय कुमार यादव, राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नारायण कुमार सिंह, राष्ट्रीय ट्रेनर पवन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अहमद रजा खान, महिला सेवादल के मुख्य संगठक रुचि सिंह आदि ने अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु ₹ ईच बूथ फाइव यूथ₹ तथा कर्नाटक विधानसभा चुनाव के तर्ज पर सात गारंटी योजना को जन, जन , घर, घर में पहुंचाने की कार्ययोजना पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

सात गारंटी योजना में पहला सभी परिवार के महिला मुखिया को प्रतिमाह 2000 रुपया, दूसरा सभी घरों में 200 मेगावाट बिजली फ्री, तीसरा सभी बी पी एल परिवारों को दस किलो चावल मुफ्त, चौथा सभी बेरोजगार स्नातकों को 3000 रुपया प्रतिमाह, पांचवां सभी डिप्लोमा होल्डर को 1500 रुपया प्रतिमाह, छठा सभी माताएं, बहनों को फ्री बस सेवा, सातवां पुरानी पेंशन योजना को लागू करना कांग्रेस का मॉडल होगा। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा के मूलमंत्र अहिंसा के रास्ते सत्य को प्राप्त करना तथा देश में समानता, स्वतंत्रता, समावेशी विकास पर ट्रेनर साथियों ने खुलकर अपने विचार रखे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने मगध प्रमंडल के जनसमस्याओं, तथा लंबित योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा की विगत नौ वर्षो से मोदी सरकार के कार्यकाल में मगध के विकास की पूरी तरह अनदेखी किया गया है, जिसके लिए हम मगध के गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा अरवल के साथियों को चट्टानी एकता बना कर मगध वासियों के सहयोग से संघर्ष करना होगा। मगध के सिंचाई परियोजना नॉर्थ कोयल सिंचाई परियोजना, तिलैया धाधर योजना, सोन नहर आधुनिकरण योजना,






गया को रामायण सर्किट से जोड़ना, गुरारू, वारसलीगंज चीनी मिलों को चालू करने, नवादा के रजौली में परमाणु बिजली घर की स्थापना, नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल में नए मेडिकल कॉलेज खोलने, गया चतरा, औरंगाबाद बिहटा, गया बोधगया रेलवे लाइन बिछाने का काम शुरू करना सहित, कई राष्ट्रीय राजमार्ग को अविलंब पूरा करने आदि को अमलीजामा पहनाने हेतु कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। आज के प्रशिक्षण शिविर को गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा की मगध प्रमंडल मुख्यालय गया होने के नाते हमारी जिम्मेवारी सबसे ज्यादा है, हम गया जिला के साथी हर समय आंदोलन के लिय तैयार है। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए जहाबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा की जहानाबाद के सभी सात प्रखंड में सेवादल को सशक्त बना कर कांग्रेस मॉडल एवम् विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने का काम करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में गया जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, युगल किशोर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार निराला, प्रदीप शर्मा, कमलेश चंद्रवंशी, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, शशि कांत सिन्हा, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, संतोष कुमार कुशवाहा, टिंकू गिरी, मो नवाब, मो ताजुद्दीन, बुद्धू राम, शीलेंद्र पाठक, रंजीत सिंह, अजीत सिंह, छोटे सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार शिशु, ओंकार शर्मा, बबलू राम, शिव कुमार चौरसिया, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रद्युमन दुबे, सोमनाथ पासवान, श्रीकांत शर्मा, सकलदेव चंद्रवंशी, केदार प्रसाद, आदि ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर समाप्ति के बाद संध्या 6 बजे न्यू बंगाली आश्रम नवागढी से देश के ओलंपिक विजेता महिला पहलवानों को न्याय दिलाने, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने, की मांग को लेकर विशाल जुलूस निकला जो नवागढ़ी, राजेंद्र आश्रम, सरदार भगत सिंह प्रतिमा होते हुए गया समाहरणालय के समक्ष अंबेकर प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुआ। इसके बाद स्थानीय अंबेडकर प्रतिमा स्थल से विशाल कैंडल मार्च बालासर रेल दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि हेतु निकाला जो अंबेडकर पार्क, प्रधान डाकघर, जी बी रोड, कोतवाली होते चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष दो मिनट मौन रखा गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक मो खान अली, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश के मुख्य संगठक डा संजय कुमार यादव, जिलाध्यक्ष गगन मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू आदि ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की आज प्रशिक्षण के दूसरे दिन देश के दो समसामयिक घटना जिसमे ओलंपिक विजेता खिलाड़ियों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिरोध मार्च तथा ह्दय विदारक रेल दुर्घटना में मारे गए लोगो की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कैंडल मार्च के माध्यम से खिलाड़ियों को न्याय, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तथा नैतिकता के आधार पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफा की मांग किया।

**भवदीय**

**डा गगन मिश्रा प्रो विजय कु मिठू**

**( अध्यक्ष )। ( मगध प्रवक्ता )**

# कांग्रेस सेवा दल की प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाने के संबंध में निरीक्षण करने कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय यादव

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 7 जून 2023 को बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री राजू सिंह के निवास स्थान पर कांग्रेस सेवा दल की प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाने के संबंध में निरीक्षण करने कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय यादव महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रुचि सिंह एवं पूर्व प्रदेश महासचिव श्री ब्रह्मदेव चौरसिया गए थे। चयनित प्रशिक्षण स्थल संतोषजनक पाया गया उक्त समय में स्वर्गीय राजू बाबू एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को माल्यार्पण किया गया एवं नमन किया गया। जितने भी कार्यकर्ता थे उनके बीच में कांग्रेसी को मजबूत करने की बात की गई।











# जिले में कांग्रेस को नब्बे के दशक वाला सशक्त पार्टी बनाने का संकल्प लिया हूं: गोपाल शर्मा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण\

**जहानाबाद :** जिला कांग्रेस कमिटी के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा जी के नेतृत्व में प्रथम प्रेस–वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता से पूर्व श्री शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक किया और वरिष्ठ नेताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की मैं सर्वप्रथम धन्यवाद करता हूं अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी को जिन्होंने हमें जहानाबाद जैसे जिला में अध्यक्ष पद जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया है। ऐसे में हमारी कोशिश होगी कि मैं जिला के आप सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार–विमर्श कर सक्रिय और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित पद की जिम्मेवारी देते हुए एक सशक्त जिला कांग्रेस कमिटी का गठन कर प्रत्येक प्रखण्ड के बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का सतत् प्रयास करुंगा और अपने राष्ट्र नायक आदरणीय राहुल गांधी जी के सपनों के भारत का निर्माण में भरपूर क्षमता के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने का कोशिश करुंगा।

नये जिलाध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा ने मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा की जिले में पार्टी कमिटी के गठन हो जाने के बाद जिले में कांग्रेस गांव–गांव में जाकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास करुंगा और जिले में पदस्थापित सभी प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर जनता के हित में लॉयन ऑर्डर को मजबूत कराने की मांग करुंगा, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, महंगाई और किसानों के हितों की लड़ाई लड़ूंगा। अगर जनता के लिए सड़क पर उतरना पड़ा तो सड़क पर भी आंदोलन करुंगा। कांग्रेस आजादी के आंदोलन से लेकर आजतक देश के नवनिर्माण तक जनता के प्रति समर्पित रहा है मैं भी इस नीतियों का पालन करता रहूंगा।







इस बैठक में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के साथ युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार प्रियदर्शी, कामरान हुसैन, राकेश शर्मा, रामाधार शर्मा, महेश पासवान, मनोज शर्मा, राजेन्द्र शर्मा उर्फ राजू, हरिहर ठाकुर, विमलेश शर्मा, धनंजय सिंह, कमलेश कुशवाहा, कृष्णनंदन कुमार, गायत्री देवी, रामप्रवेश ठाकुर, मुकेश गुप्ता, कौशर आलम, रफत आरा, मो तौकीर रज़ा, बृजमोहन शर्मा एवं मनजीत कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुआ।





आज नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में झारखंड के महागामा के विधायक दीपिका सिंह पांडे जी ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिली आज महंगाई राहत कैंप में बतौर कैंप प्रभारी के रूप में कांग्रेस सेवादल प्रदेश महामंत्री अविकुल शर्मा जी, जाकिर बुलंद जी और धर्मेंद्र प्रधान जी ने झोटवाड़ा विधानसभा वार्ड 63 में जाकर अवलोकन किया एवं आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया ।

# किसानों की हितैषी होने का ढोंग करने वाली मोदी सरकार का कच्चा चिट्ठा आपके सामने है...




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

लोकतंत्र को भाजपाई हुकूमत ने लठतंत्र में बदल दिया है। किसानों के साथ दुश्मनों जैसा सलूक हो रहा है। फासीवादी मोदी सरकार की बर्बरता और बेशर्मी से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा की लठ्ठर सरकार ने मंगलवार को कुरूक्षेत्र में किसानों पर लाठीचार्ज करवा दिया।

## इस सरकार का एक ही मंत्र, लठतंत्र

किसान क्या मांग रहे थे ? न्याय मांग रहे थे। अपने खून-पसीनों से उगाई फसलों का सही मूल्य मांग रहे थे। मगर मिला क्या ? पुलिस की लाठियां, चोट और बदसलूकी। क्रूर सरकार की लाठियों से कई किसानों के सिर फट गए।

## धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अधर्म

जिस कुरुक्षेत्र में धर्म और नैतिकता के लिए कभी महाभारत हुआ था. उसी पवित्र धरती को भाजपा सरकार ने अपने कुकर्मों से कलंकित कर दिया। महंगा खाद, महंगा पानी, महंगा डीजल, महंगी जुताई में लाखों खर्च करने के बाद फसल की बिक्री पर उसकी लागत तक नहीं निकल रही है, मुनाफा तो दूर की बात है। हारकर किसान उसे सड़क पर फेंकने को मजबूर हो गए हैं।

## मोदी सरकार का हाथ, अडानी के साथ

प्रधानमंत्री जी के मित्र अडानी बैठे-बैठे रोज 1600 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। जबकि तमाम मशक्कतों के बाद किसान सिर्फ 27 रुपये ही कमा पाता है। इस 27 रुपये में उसके अकेले के लिए थाली में खाना नहीं आएगा तो फिर वह परिवार को क्या खिलाएगा।

## जुमलेबाजी और ठगी करने वाली सरकार

हाड़ कंपाती ठंड हो या 40 डिग्री की चिलचिलाती गर्मी, किसान खून-पसीना बहाता है, तब जाकर देश का पेट भरता है। मगर आज किसान खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है। उसके भीतर अथाह पीड़ा और गुस्सा है। भीषण महंगाई का चोट देकर मोदी सरकार ने किसानों के बेटे-बेटियों के अच्छी शिक्षा का सपना भी चकनाचूर कर दिया है।

## कृषि उपकरणों पर छूट की जगह जीएसटी की लूट

उद्योगपतियों का लाखों-करोड़ रुपये माफ करने वाली सरकार के पास किसानों को रियायत देने के लिए फंड नहीं है। कर्ज के बोझ तले दबे किसान जब सरकार को कर्ज नहीं लौटा पाते तो टॉर्चर से तंग आकर अपनी जान दे देते हैं, परिवार अनाथ हो जाता।

## किसानों का नरसंहार

काले कृषि कानूनों को इस देश का किसान कैसे भूल सकता है जिनके चक्कर में 700 से ज्यादा किसानों को अपनी जान देनी पड़ी थी। किसानों को मंदसौर और लखीमपुर खीरी भी याद है जहां सत्ता की शह पर किसानों का खुलेआम नरसंहार किया गया था।

किसानों की हितैषी और उनकी आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार के मन में उनके खिलाफ नफरत ठूंस-ठूंस कर भरी हुई है। ये सरकार अपने उद्योगपति मित्रों के साथ मिलकर किसानों को रौंदने की कोशिश कर रही है। तानाशाह किसान विरोधी सरकार को ये बात भी याद रखना चाहिए कि जनता किसानों की पीठ पर पड़ी एक-एक लाठी का हिसाब करेगी। सरकार को किसानों की हाय लेनी महंगी पड़ेगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस महासचिव बहन कुमारी शैलजा जी के निर्देशानुसार राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुनील पवार जी की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश से बृजभूषण पांडे जी व निर्मल चौहान पूर्व प्रत्याशी यमुनानगर व अनेक जनप्रतिनिधियों के साथ दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर में भाग लिया









## छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संभागीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सरकार की अनेकों उपलब्धियों को लेकर कांग्रेसजनों से चर्चा की

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संभागीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सरकार की अनेकों उपलब्धियों को लेकर कांग्रेसजनों से चर्चा कीइस संभागीय सम्मेलन के माध्यम से पार्टी संगठन, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव की तैयारियों में एकजुट होने का संदेश दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकम जी, छत्तीसगढ़ सह–प्रभारी डॉ चंदन यादव जी, विजय जांगिड़ जी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डॉ चरण दास महंत जी, मंत्री मोहम्मद अकबर जी, मंत्री जय सिंह अग्रवाल जी, मंत्री गुरु रुद्र कुमार जी, मंत्री अमरजीत भगत जी, मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकम जी, मंत्री उमेश पटेल जी, लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत जी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और विधायक विकास उपाध्याय जी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी जी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पारस चोपड़ा जी, विधायक मोहित राम जी, विधायक चक्रधर प्रसाद जी, विधायक डॉ रश्मि सिंह जी, विधायक उत्तरी जांगडे जी, विधायक शैलेश पांडे जी,विधायक पुरुषोत्तम कंवर जी, विधायक मोहित केरकेट्टा जी, विधायक प्रकाश नायक जी, विधायक डॉ के. के. ध्रुव जी, विधायक रामकुमार यादव जी समेत अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।




**शिवहर जिला कांग्रेस कमीटी की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमति नुरी बेगम ने आज शिवहर कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस पदभार ग्रहण समारोह में सीतामढ़ी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार सिंह भी उपस्थित हुए। दोनो जिले के अध्यक्ष को जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों एवम् कार्यकर्ताओ ने अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया गया।**

## कांग्रेस विधायक जनाब डॉ शकिल अहमद खान जी को कांग्रेस विधायकदल का नेता चुने जाने के बाद पहली बार उनके अपने गृह जिला कटिहार पहुंचने पर कटिहार रेलवे स्टेशन पर स्थानीय सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोड़दार स्वागत किया। साथ ही जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया गया।






# देश में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं: दीपक सैनी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



शामली ज़िला कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली में हुए साक्षी हत्याकांड एवं उड़ीसा रेल दुर्घटना मे मृतकों के प्रति जनपद के कांग्रेसियों ने शामली के ऐतिहासिक सुभाष चोंक पर एकत्रित होकर केंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी के नेतृत्व में मंगलवार देर रात को कांग्रेसियों के द्वारा केंडल मार्च निकालकर दिल्ली की मृतका साक्षी के कातिल को कठोर सजा देने की मांग की गई। शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि भाजपा शासन में अपराध चरम सीमा पर है। देश में महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। आये दिन देश में महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही हैं। अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम देने पर लगे हैं। उडीसा रेल हादसे में मृतकों के आश्रितों को भारी मुआवजा एवं परिवार से एक नौकरी देने का काम सरकार को करना चाहिए। मामले की गंभीरता से जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही होनी चाहिये। यूवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष निशांत तोमर ने कहा कि सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढाओं का नारा हवाई साबित हो गया है। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को भाजपा पनाह देने का काम करती है। देश के लिए पदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी भाजपा नेताओं के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का शिकार हो रही हैं। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सेनी, जिला महासचिव योगेश भारद्वाज, श्रीपाल सिंह जिलाध्यक्ष पिछड़ा, यूवा जिलाध्यक्ष निशांत तोमर, संदीप शर्मा जिला सचिव, रमेश मराठा वरिष्ठ कांग्रेसी, मास्टर नरेंद्र मलिक वरिष्ठ कांग्रेसी,रिजवान नगर अध्यक्ष शामली, अरविंद झंझोट जिला सचिव, रामपाल पांचाल, चुनमुन का◌ंबोज,महावीर सैनी, प्रमोद कश्यप, विनोद सैन, अभी सेन ,रामशरण नामदेव, राधेश्याम सैनी,राजेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।




सारण ज़िला कांग्रेस कमिटी के सदस्यों द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंह जी का कांग्रेस भवन छपरा में सम्मान समारोह आयोजित कर बधाई एवम् शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के सभी वरिष्ठ नेतागण एवम् सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंह जी के मौजूद सभी लोगों को संबोधित किया और आभार प्रकट किया।



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी श्रीमती डॉ० पलक वर्मा , सह प्रभारी श्री इकबाल ग्रेवाल, श्रीमती प्रियंका सारसार एवं अध्यक्ष श्री आकाश शर्मा ने हैदराबाद में कउ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों व रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

# कांग्रेस के नवर्निवाचित जिला अध्यक्ष का हुआ डंडारी मे भव्य नागरिक अभिनन्दन

**बलिया बेगूसराय।** बलिया अनुमंडल क्षेत्र के डंडारी प्रखंड के प्रतापपुर गाँव मे बरिष्ठ कांग्रेस नेता चुनचुन यादव के अध्यक्षता मे बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के नबनिर्बाचित अध्यक्ष अभय कुमार सार्जन के स्वागत मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन क्या इस अभिन्दन समारोह मे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ अपने जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री सार्जन को बुके माला चादर देकर सम्मानित क्या इस अवसर पर अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए अभय कुमार सिंह सार्जन ने कहा हमें जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद निर्वाचित कर जिला कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता नेता राहुल गांधीजी राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष खरगेजी प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंहजी ने जो भार दिया हे उसे हम सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ नेताओं के सहयोग से निभाएगे और हमसब मिलकर बेगूसराय मे कांग्रेस का एक ऐसा मजबूत संगठन बनाएंगे की आनेबाले दिनों मे जिले के सातों बिधानसभा और लोकसभा क्षेत्र मे कांग्रेस का अपना बिधायक सांसद होगा और भारत और बिहार मे कांग्रेस की अपनी सरकार होगी




भारत की जनता नरेंद्र मोदी के झूठे बिकास के नारे से उब चुकी हे आज देश मे नौजबान बेरोजगार हो रहे हे शिक्षित युवा सड़क पर पकोड़ा बेच रहे हे महगाई के कारण लोगो का जीना मुहाल हो गया हे देश की जनता के सम्पति को उद्योगपतियो के हाथो बेची जा रही हे रेलबे ट्रेक पर यात्री जान गवा रहे हे सीमा पर सेना शहीद हो रहे मणिपुर जल रही हे किसान पहलबान न्याय के लिए बषी महीनो से सड़क पर आंदोलन कर रहे हे और पीएम मोदी गृहमंत्री अमित शाह निरो के तरह बंसी बजा रहे हे इसलिए आनेबाले लोकसभा चुनाव मे देश मे कांग्रेस की सरकार बनेगी और मोदी सरकार के भेदभावपूर्ण नीति का अंत होगा और पुरे देश मे मोहब्बत पैगाम फैलेगा इसलिए आप हम सब मिलकर चले जनता के बिच और आम लोगो को दे राहुल गांधीजी का मोहब्बत का संदेश आज के कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ के इस नागरिक अभिनन्दन समारोह को बखड़ी के पूर्व बिधायक रास्ट्रीय जनता दल के नेता उपेंद्र पासवानराजद प्रखंड अध्यक्ष रबीरंजन कुमार जिला युबा राजद सचिव रामकृष्ण राना साहेबपुर कमाल बिधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रतियासी सह बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह कांग्रेस के बरिष्ठ नेता लखन पासवान रामचंद्र सिंह अरुण कुमार यादव प्रेमचंद गाँधी दिलीप महंथ रविंद्र कुमार गेंन्दोरी यादव संजय यादव सुलो यादव ललन यादव दाहो यादव सहित अनेक कांग्रेस राजद कार्यकर्त्ता मौजूद थे

# हरियाणा मेवात के सबसे बड़े गांव सिंगार में कल सेवादल के उपाध्यक्ष



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

श्री #SanjayTyagiINC, श्री कमल शर्मा जी, श्री संजीव मिश्रा जी एवं कांग्रेस सेवा दल के साथियों ने देश की पहलवान बेटियों के न्याय के लिए एक मीटिंग रखी जिसमें गांव वालों ने भी समर्थन किया बेटियों के न्याय के लिए मौजूदा सरकार को चेतावनी दी सरकार अपना दिमाग ठीक कर ले नहीं तो हरियाणा मेवात के लोग कड़ा निर्णय लेंगे। इस मीटिंग में गांव के जिम्मेदार लोग शामिल रहे जिसमें सेवादल के सीनियर साथी भाई अब्दुल खान जी, हाजी इकबाल खान जी, भाई आबिद खान जी, भाई असलम खान जी, कांग्रेस सेवा जिला नुंह के अध्यक्ष भाई इदरीश खान जी, जिला पलवल के अध्यक्ष भाई नोमान खान जी, गांव बिछोर से भाई असलम खान जी शामिल रहे।



# कैसे सरकार ने लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया है...




संवाददाता ।मोहिउद्दीन खान

लापरवाह और गैर–जवाबदेह सरकार जनता की मुसीबतों का असली कारण बनती है। आज पूरा हिंदुस्तान एक ऐसी ही गैर–जिम्मेदार सरकार की करतूतों का खमियाजा भुगत रहा है। लोग त्रस्त हैं, सरकार सत्ता के नशे में मस्त है। खुद से ही खुद को राष्ट्रवादी होने का सर्टिफिकेट देने वाली मोदी सरकार को देश की जरा भी चिंता होती तो कई दुभार्ग्यपूर्ण घटनाओं को रोका जा सकता था। मगर सरकार को तो केवल अपनी कुर्सी की चिंता है, जनता और देश गया भाड़ में। पुलवामा से लेकर बालासोर तक, सरकार की लापरवाही की कीमत सैकड़ों देशवासियों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। जानिए इनपुट होने के बाद भी हादसे क्यों नहीं रोक पाई मोदी सरकार?

## बालासोर रेल हादसा (288 की मौत)

बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे से पहले कई बार रेलवे की गड़बड़ी पर उंगलियां उठीं। कर्मचारियों के ऊपर काम का बेतहाशा दबाव, तकनीक स्तर पर आ रहीं खराबियों और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में आ रही गड़बड़ी पर बात हुई। रेल मंत्रालय के आंकड़ों की मानें तो एक दो नहीं, सालभर में 51 हजार से ज्यादा बार रेलवे का सिग्नल फेल हुआ है। लापरवाही की हद देखिए कि जिन ट्रेनों के बीच टक्कर हुई उनमें एंटी कॉलिजन डिवाइस तक नहीं लगा था।

## पुलवामा हमला (40 CRPF जवान शहीद)

जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुआ ये हादसा पूरी तरह से मोदी सरकार की नजरअंदाजी का नतीजा है। J&K के पूर्व राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक जी ने एक इंटरव्यू में बताया कि केंद्र सरकार चाहती तो हमारे 40 जवान शहीद होने से बच सकते थे। उन्होंने जवानों को ले जाने के लिए गृह मंत्रालय से विमान मांगे थे लेकिन मना कर दिया गया। आखिरकार जवानों को सड़क रास्ते से जाने पर मजबूर होना पड़ा। जबकि इससे ठीक पहले 02 जनवरी से 13 फरवरी 2019 के बीच 11 बार आतंकी हमले की खुफिया सूचना मिल चुकी थी। इसके अलावा आतंकी संगठन जैश ने भी हमले की धमकी दी थी। मगर सरकार ने सभी चेतावनी और सूचनाओं को नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद जब घटना घटित हुई तो सरकार सत्यपाल मलिक का मुंह बंद कराने में लगी रही ताकि इस घटना को चुनावी रंग में रंगकर सैनिकों की शहादत का भरपूर इस्तेमाल किया जा सके।

## कोरोना (लाखों मौतें)

कोविड का वो भयावह दौर कौन भूल सकता है जब गांव के गांव श्मशान और कब्रिस्तान बन रहे थे। दुनिया इसका उपाय खोजने में लगी थी, मगर मोदी जी लोगों से तालियां–थालियां पिटवा रहे थे। जब राहुल गांधी और कई वैश्विक संगठनों ने महामारी की आशंका को लेकर सरकार को चेताया तो सरकार ने इनकी चेतावनी को अनसुना कर दिया। नतीजतन जब महामारी आई तो सरकार के सारे दावे हवा–हवाई हो गए। घरों से लाशें निकल रही थीं, डॉक्टर–दवा का कोई इंतजाम नहीं था, न जाने कितने प्रवासी मजदूरों की मौत पैदल चलते–चलते हो गई। लोग मर रहे थे, प्रधानमंत्री इंसानियत को ठेंगा दिखाते हुए पश्चिम बंगाल में रैलियां कर रहे थे। इसके अलावा नोटबंदी से लेकर जोशीमठ तक सरकारी नाकामियों की अनगिनत गवाहियां हैं जो चीख–चीखकर बताती हैं कि देश और देशवासियों को लेकर सरकार कितनी लापरवाह है। यह देश का दुर्भाग्य है कि निकम्मी और धूर्त सरकार के नाकारापन का खमियाजा देश की भोली–भाली जनता चुका रही है।

